# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 05/11/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 04.11.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना बरेसर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 227/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवमं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 04.11.2025 को उ0नि0 मो0 रुस्तम खाँ मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर सुतिहार अन्डर पास थाना बरेसर के पास से मु0अ0सं0 227/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अटल बिहारी सिंह पुत्र स्व0 अनिल सिंह निवासी ग्राम दहेन्दू थाना बरेसर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

अटल बिहारी सिंह पुत्र स्व0 अनिल सिंह निवासी ग्राम दहेन्दू थाना बरेसर जनपद गाजीपुर, उम्र करीब 22 वर्ष

**अपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0 70/2024 धारा 504, 506 IPC थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।
2. मु0अ0सं0 27/2025 धारा 115(2), 351(3), 352 BNS थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।
3. मु0अ0सं0 180/2025 धारा 115(2), 324(4), 351(3), 352 BNS थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।
4. मु0अ0सं0 227/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।
5. अपराध सं0 5/25 धारा 2/3 उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी –**

01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर,

**2. थाना मरदह पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 98/25 धारा 309(4) BNS से सम्बन्धित 07 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार ।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.10.2025 को उ0नि0 जुल्फिकारअली मय हमराह द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर थाना स्थानीय परं पंजीकृत मु0अ0सं0 98/25 धारा 309(4), 310(2),317(3) BNS से सम्बन्धित 07 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1. अंजलेश बांसफोर पुत्र दासू बांस फोर नि0ग्रा0 मलेठी थाना दुल्लहपुर
2. राजन राजभर पुत्र विजय राजभर ग्रा0-भिथरिया थाना दुल्लहपुर गाजीपुर
3. राजन राजभर पुत्र छरछू राजभर नि0ग्रा0-बड़ागांव थाना दुल्लहपुर गाजीपुर
4. आकाश बांसफोर पुत्र राजेश बांसफोर, निवासी ग्रा0-मलेठी थाना दुल्लहपुर गाजीपुर
5. कृष्णा बांसफोर पुत्र फेक्कन बांसफोर निवासी ग्रा0-मलेठी थाना दुल्लहपुर गाजीपुर
6. अनिकेत उर्फ अंकित पुत्र संतोष राम नि0ग्रा0- बरही थाना मरदह जिला गाजीपुर
7. विन्ध्याचल राम पुत्र रामअवतार कुमार निवासी ग्राम नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर

**बरामदगी-**

एक अदद मोटर साईकिल (पार्ट)

**3. थाना गहमर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित करने वाले 01 नफर बाल-अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।**

**कब्जे से चोरी के 1.5 लाख रुपये बरामद ।**

अपराध एवम् अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 04.11.2025 प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय, उ0नि0 पन्नेलाल यादव मय हमराह थाना गहमर द्वारा अपराधियो की गतिविधियो तथा अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम मे देखभाल क्षेत्र व रात्रि गस्त में मामूर थे कि करहिया मोड थाना गहमर के पास से एक संदिग्ध बालक पकड़ा गया । पूछताछ व जमातलासी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बालक एक बाल अपचारी है जो थाना क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 02/03.11.2025 की रात्रि में विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 सूरज साह निवासी सतरामगंज बाजार सेवराई थाना गहमर जनपद गाजीपुर के दुकान से हुई चोरी से सम्बन्धित पाया गया । जमातलासी में बालक के पास से एक लाख पच्चास हजार (1.5 लाख) रूपया बरामद हुआ । बालक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पता** -

01 नफर बाल अपचारी

**आपराधिक विवरण-**

मु0अ0सं0 234/2025 धारा 305(a),331(4),317(2) बीएनएस थाना गहमर जनपद गाजीपुर

**बरामदगी का विवरण –**

चोरी का एक लाख पच्चास हजार रुपये नगद बरामद

**4. महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना गहमर पुलिस द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर अलग रह रहे पति पत्नी को साथ रहने हेतु सहमत किया गया ।**

अवगत कराना है कि थाना गहमर अंतर्गत दिनांक 04-11-2025 को प्रार्थना पत्र आवेदिका नेहा कुमारी पत्नी गुड्डू वासखोर निवासी ग्राम मोथान थाना बहदौना जनपद छपरा बिहार ( मायका- ग्राम गहमर पट्टी हजुरीराय थाना गहमर जनपद गाजीपुर) द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र में प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें आवेदिका द्वारा वर्णित किया गया कि मेरे पति घरेलु विवाद को लेकर छोटी- छोटी बातों पर लडाई झगड़ा करते हैं मेरे मना करने पर मुझे मारते- पीटते हैं और मुझे अपने साथ ससुराल लेकर नहीं जा रहे है विपक्षी आवेदिका के पति गुड्डू वासखोर पुत्र चन्द्रिका वासखोर निवासी ग्राम मोथान थाना बहदौना जनपद छपरा बिहार जो भी आवेदिका के साथ ही उपस्थित थाना हाजा आये थे दोनो पक्षो को आमने-सामने बिठाकर एक-दूसरे को सामाजिक व पारिवारिक महत्व के बारे में कई स्तर पर समझाया बुझाया गया, काफी समझाने बुझाने के पश्चात दोनों पक्षों द्वारा यह फैसला लिया गया कि हम दोनों पति पत्नी भविष्य में कभी विवाद नहीं करेगें व दोनों पति-पत्नी राजी खुशी रहेगें । आवेदिका के पति ने कहा कि साहब हम अपने पत्नी को अपने साथ अपने घर लेकर जा रहे है तत्पश्चात वीडियोग्राफी करते हुए हम दोनों पति - पत्नी को एक साथ रहने की अनुमति प्रदान की गई, हम पति - पत्नी आपस में एक साथ रहने का पुनः संकल्प लेते हैं । जिसमें थाना गहमर के मिशन शक्ति केंद्र के लोगों का शुक्रिया अदा किया गया ।

**5. थाना सैदपुर पुलिस टीम द्वारा एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस के 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।**

अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 03.11.2025 को उ०नि० मनोज कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व रोकथाम जुर्म जरायम में कस्बा सैदपुर में गश्त के दौरान नसीरपुर कट के पास से संदिग्ध प्रतीत हो रहे एक व्यक्ति प्रीतम गौतम पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम जिवली थाना बरदह जिला आजमगढ उम करीब 21 वर्ष जो बिहार भागने की फिराक में था को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी में जिसके कब्जे से कपडे के थैले से एक अदद तमंचा .315 बोर बरामद हुआ, बरामद तमंचे की नाल को सावधानी पूर्वक खोल कर देखा गया तो नाल में एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ । प्रकरण में बरामदगी के आधार पर थाना सैदपुर पर मु0अ0स0 379/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

प्रीतम गौतम पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम जिवली थाना बरदह जिला आजमगढ उम करीब 21 वर्ष

**अपराधिक इतिहास -**

मु0अ0स0 379/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर

**बरामद माल का विवरण**

अभियुक्त के पास से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज व 09 अदद विभिन्न प्रकार के रिन्च

**<u>06. “श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान “OPERATION CONVICTION” के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी कर मा0 न्यायालय द्वारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 के अभियुक्त को जेल में बितायी गई अवधि व 5,000/-रू अर्थदण्ड़ की दिलाई गई सजा ।</u>**

अवगत कराना है कि आज दिनांक 04.11.2025 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर पर दिनांक 21.04.2002 को पंजीकृत मु0अ0सं0 -281/2002 धारा 3/5A/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 से सम्बन्धित प्रकरण में मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त महेन्द्र यादव पुत्र रामनरेश यादव डढ़वल थाना खानपुर गाजीपुर को मुकदमा उपरोक्त में दोषसिद्ध करते हुए, पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि व 5,000/-रू0 अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया ।

07. स्वाट व थाना सैदपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के प्रयास मे वांछित ₹ 25000 इनामिया शातिर हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिसके कब्जे से 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर , 02अदद खोखा कारतूस व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद |

दिनांक 04.11.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग जनपद गाजीपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी | इसी क्रम में प्रभारी स्वाट मय टीम सैदपुर थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की बाइक से सैदपुर बहरियाबाद रोड पर जाता हुआ दिखाई दिया, उक्त व्यक्ति को जब रोकने का प्रयास किया गया तो स्वाट टीम पर तमंचे से फायरिंग करते हुए बहरियाबाद की तरफ भागने लगा । उक्त बदमाश का पीछा करते हुए जरिये दूरभाष कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए स्वाट प्रभारी द्वारा उक्त बदमाश को सामने से घेराबंदी कर पकड़ने के लिए कहा गया । उक्त सूचना को सही मानते हुए प्रभारी निरीक्षक सैदपुर मय टीम द्वारा उक्त बदमाश को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई | जोगीवीर पुलिया के पास सामने से खुद को घिरा देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से पुनः देशी तमंचे से 02 राउंड फायर किया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा फायर किया गया तो बदमाश के दाये पैर में गोली लगी, उक्त बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु CHC सैदपुर भेजा जा रहा है |

पूछताछ का विवरण-

पुलिस टीम पर गोली चलाने का कारण पूछने पर बताया, मै थाना नंदगंज से हत्या के प्रयास में वांछित हूं, पकड़ा ना जाऊं इसलिए फायर किये| अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी -

1. 01अदद देसी तमंचा 315 बोर
2. 02अदद खोखा कारतूस

3. 01 अदद मोटरसाइकिल( बिना नं0 प्लेट)

घायल /गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-
गुलशन पुत्र शोभनाथ यादव ग्राम बिशुनपुर कला थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर

1. मु0अ0सं0 358/16 धारा 392IPC थाना भुड़कुड़ा जनपद गाज़ीपुर
2. मु0अ0सं0 417/16 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना भुड़कुड़ा जनपद गाज़ीपुर
3. मु0अ0सं0 853/16 धारा 411IPCव 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
4. मु0अ0सं0 281/25 धारा 109 115(2) 191(2) 3(5) 351(3) BNS थाना नंदगंज जनपद गाज़ीपुर
5. मु0अ0सं0 50/19धारा 323 504 506 ipc थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
6. मु0अ0सं0 312/20 धारा 188 269 IPC थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
7. मु0अ0सं0 215/21धारा 302 IPC थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
8. मु0अ0सं0 258/21धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
9. मु0अ0सं0 349/21धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
10. मु0अ0सं0 258/21धारा 386 507 IPC थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर
11. मु0अ0सं0382/25 धारा109(1) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैदपुर जनपद गाज़ीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर